प्रादेशिक समाचार

दिनांक–09.11.2024 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

- राज्य में 13 नवम्बर को होने वाले पहले चरण के मतदान के लिए चुनाव प्रचार में अब बचे तीन दिन।
- एनडीए और इंडी गठबंधन के नेताओं ने झोंकी ताकत।
- भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह आज छतरपुर, हजारीबाग और पोटका में और कांग्रेस नेता राहुल गांधी बाघमारा और जमशेदपुर में चुनावी सभाओं को करेंगे संबोधित।
- भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल बोकारो और गुमला में चुनावी जनसभा को करेंगे संबोधित, रांची में रोड शो का भी होगा आयोजन।

*****************

राज्य में चुनाव प्रचार जोरों पर है। पहले चरण की 43 सीटों के लिए चार दिन बाद 13 नवम्बर को मतदान होना है। चुनाव प्रचार के लिए अब सिर्फ तीन बचे हुए हैं। इसे देखते हुए एनडीए और इंडी गठबंधन के नेताओं ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। दोनों गठबंधन के नेता मतदाताओं को अपने पक्ष में करने के लिए राज्य भर में तूफानी दौरे कर रहे हैं। इस बीच कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने सिमडेगा में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए भाजपा पर आदिवासी लोगों से जल, जंगल, जमीन छीनने की कोशिश करने का आरोप लगाया। इधर, सरायकेला–खरसावा में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और झारखंड विधानसभा चुनाव के सह प्रभारी हिमंत बिस्वा सरमा ने राहुल गांधी पर पलटवार करते हुए हिंदू समाज को बांटने का आरोप लगाया। लातेहार में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए झारखंड मुक्ति मोर्चा के वरिष्ठ नेता और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने आरोप लगाया कि भाजपा दलित विरोधी है। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने लातेहार में एक रैली को संबोधित किया, जबकि केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने जमशेदपुर में रैली की। राष्ट्रीय जनता दल के वरिष्ठ नेता तेजस्वी यादव ने चतरा में लोगों से इंडिया गठबंधन के पक्ष में वोट करने की अपील की। ऑल झारखंड स्टूडेंस यूनियन और वाम दलों के नेता भी राज्य के विभिन्न हिस्सों में चुनावी जनसभाओं को संबोधित कर रहे हैं। राज्य की 81 सदस्यीय विधानसभा के लिए मतगणना 23 नंवबर को होगी।

*****************

भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी विधानसभा चुनाव प्रचार को लेकर दूसरी बार कल झारखंड के एकदिवसीय दौरे पर आ रहे हैं। भाजपा के प्रदेश चुनाव सह प्रभारी हिमंत बिस्वा सरमा ने बताया कि श्री मोदी एनडीए प्रत्याशियों के समर्थन में बोकारो और गुमला में चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगे। इसके अलावा वे रांची में रोड शो भी करेंगे। प्रधानमंत्री श्री मोदी के झारखंड दौरे को लेकर विशेष सुरक्षा समूह, एसपीजी की टीम ने रांची में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। दूसरी ओर, कांग्रेस नेता राहुल गांधी आज धनबाद जिले में बाघमारा विधानसभा सीट और पूर्वी सिंहभूम जिले में जमशेदपुर निर्वाचन क्षेत्र में चुनाव सभाओं को संबोधित करेंगे। वहीं, झारखंड मुक्ति मोर्चा के वरिष्ठ नेता और मुख्यसमंत्री हेमंत सोरेन रांची, खरसांवा और मान्डर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में अनेक सभाओं को संबोधित करेंगे।

*****************

भाजपा के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह आज झारखंड के एकदिवसीय दौरे पर आ रहे हैं। श्री शाह छतरपुर, हजारीबाग और पोटका में एनडीए प्रत्याशी के पक्ष में चुनाव प्रचार करेंगे। साथ ही जमशेदपुर में उनका रोड शो भी होगा।

*****************

लातेहार में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए झारखंड मुक्ति मोर्चा के वरिष्ठ नेता और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने आरोप लगाया कि भाजपा दलित विरोधी है। उन्होंने कहा कि भाजपा के शासन काल में महंगाई बढ़ती है और भाजपा झारखण्ड के खनिज संपदाओं को लूटना चाहती है।

वहीं, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने लातेहार और पलामू में चुनावी रैलियों को संबोधित किया। उन्होंने मतदान के दिन मतदाताओं से ताकत के साथ ईवीएम बटन दबाने की अपील की।

इधर, केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने जमशेदपुर में रैली की। राष्ट्रीय जनता दल के वरिष्ठ नेता तेजस्वी यादव ने चतरा में लोगों से इंडिया गठबंधन के पक्ष में वोट करने की अपील की।

*****************

झारखंड विधानसभा चुनाव के राजनीतिक परिदृश्य पर आकाशवाणी समाचार की विशेष श्रृखंला में आज बात होगी हजारीबाग जिले की, जहां की चार में से तीन सीटों पर पहले चरण में 13 नवंबर को मतदान होना है।

*****************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।

*****************

अखबारों की सुर्खियां

राज्य से प्रकाशित होने वाले सभी अखबारों ने विधानसभा चुनाव से जुड़ी खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।
प्रभात खबर ने लिखा है–इस चुनाव में आधी आबादी पर फोकस, इंडिया गठबंधन मंईयां सम्मान योजना को लेकर बढ़ा आगे, भाजपा ने गोगो दीदी योजना का फेंका पासा।
दैनिक भास्कर की सुर्खी है–विधानसभा चुनाव से पहले हजारीबाग में नशे के कारोबार पर बड़ी कार्रवाई, वाहन से दो करोड़ इकतालीस लाख रुपये की अफीम पकड़ी, रांची के आवास से भी मिले उनतीस लाख रुपये नकद।
हिन्दुस्तान ने झारखंड मुक्ति मोर्चा के वरिष्ठ नेता और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से विशेष बातचीत को हेडलाइन बनाई है, जिसमें श्री सोरेन ने कहा है–सरकार बनने पर अगले दो साल में सभी पदों पर होगी नियुक्तियां।
दैनिक जागरण ने लिखा है–बांग्लादेशी घुसपैठ मामले में सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार से मांगा जवाब, अगली सुनवाई तीन दिसंबर को।
अंग्रेजी अखबार द टाइम्स इंडिया की हेडलाइन है–झारखंड मुक्ति मोर्चा ने फेसबुक पेज पर दर्ज कराई प्राथमिकी, भावनाएं भड़काने का आरोप।

****************